काम की खबरें

1
एलयू: नौकरी के लिए 11 मई तक पंजीकरण

एलयू के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल ने विश्वविद्यालय व संबद्ध कॉलेजों के स्नातक छात्रों के लिए ग्रेजुएट ट्रेनी पद के लिए एचसीएल टेक तथा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में जॉब के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। छात्र 11 मई तक पंजीकरण कर सकते हैं।

2
आईटीआई अलीगंज में पांच से कैम्पस ड्राइव

आईटीआई में पांच और छह मई को कैम्पस ड्राइव होगी। संस्थान के प्रधानाचार्य राजकुमार यादव ने बताया कि मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड मानेसर प्लांट के लिए कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। पांच व छह मई को लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का साक्षात्कार होगा।

3
भाषा विवि में परीक्षा फार्म 10 तक भरे जाएंगे

केएमसी भाषा विश्वविद्यालय सम सेमेस्टर के नियमित और बैक पेपर के विद्यार्थी समर्थ पोर्टल के जरिए अपना परीक्षा फॉर्म 10 मई तक भर सकेंगे। सम सेमेस्टर नियमित व बैक पेपर के पात्र अध्ययनरत विद्यार्थी विवि की kmclu.samarth.edu.in पर परीक्षा फॉर्म भरें।

आज का मौसम

29.0° अधिकतम | 19.0° न्यूनतम

सूर्योदय: 05:37 | सूर्यास्त: 18:56

अनुमान

तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम, जलकल की खुदाई से हो चुके हैं केबल फाल्ट

पन्द्रह दिन में 18 जगह खुदाई से कटी केबल, दो लाख ने झेला बिजली संकट

आफत

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता। लखनऊ में पिछले 15 दिनों के भीतर 18 जगह पर सड़क खुदाई के दौरान अंडरग्राउंड केबल कट चुकी है। इससे चौपटिया, नादान महल रोड, इक्का स्टैंड, उतरेठिया सहित अन्य क्षेत्रों की लगभग दो लाख आबादी को तीन से चार घंटे तक बिजली संकट झेलना पड़ा। लेसा अधिकारियों के मुताबिक नगर निगम, जलकल, पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार जेसीबी द्वारा सड़क की खुदाई मनमाने तरीके से करते हैं। इससे अंडरग्राउंड 11 केवी और 33 केवी केबल क्षतिग्रस्त हो जाती है। विभाग को सूचित भी नहीं किया जाता है।

गर्मियों में नगर निगम और जलकल विभाग की मनमानी सड़क खुदाई से बिजली संकट को लेकर पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन डा. आशीष गोयल ने एक मई को लेसा के चारों मुख्य अभियंताओं को निर्देश दिये कि एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी, जल निगम, नगर निगम सड़क खोदने से पहले लेसा को पूर्व सूचना दें। इसके बाद ही सड़कों पर खुदाई का कार्य कराया जाए। साथ ही सड़क की खुदाई की सूचना प्राप्त होने पर लेसा द्वारा संबंधित सरकारी विभाग व कार्यदायी ठेकेदार को उस स्थान विशेष जा रहे अंडरग्राउंड केबल की लोकेशन ड्राइंग उपलब्ध कराई जाये। इसके बावजूद यदि अंडरग्राउंड केबल फाल्ट होता है तो संबंधित विभाग से सम्पूर्ण केबल की वसूली की जाये।

03 से चार घंटे तक केबल फाल्ट के कारण रहता है बिजली संकट

> सभी अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिए गये हैं कि सड़क खुदाई के दौरान कर्मचारियों को मौके पर भेजें। यदि किसी क्षेत्र में जेसीबी की सड़क खुदाई में केबल कटने से बिजली व्यवधान उत्पन्न होता है तो मुकदमा दर्ज कर वसूली करें।
> **रवि अग्रवाल,** मुख्य अभियंता, सेंट्रल, लेसा

कब-कहां कटी भूमिगत केबल

- उतरेठिया में एक मई को जेसीबी की खुदाई से केबल फाल्ट
- यूपीआईएल उपकेंद्र के बिरहाना में 15 अप्रैल को जेसीबी ने सीवर की खोदाई के दौरान केबल काट दी
- राजाजीपुरम न्यू उपकेंद्र के 16 अप्रैल को शीला गार्डेन में ट्रांसफार्मर रखने के दौरान भूमिगत केबल कट गई। इससे बड़े इलाके में बिजली बाधित हुई।
- इक्का स्टैंड उपकेंद्र की जल निगम द्वारा 16 अप्रैल को सड़क खुदाई के दौरान अंडरग्राउंड केबल फाल्ट
- चौपटिया में 29 अप्रैल को नगर निगम की सड़क खुदाई से अंडरग्राउंड केबल फाल्ट
- नादान महल रोड पर जल निगम की सड़क खुदाई से 30 अप्रैल को अंडरग्राउंड केबल फाल्ट
- कानपुर रोड स्थित एयरपोर्ट के पास एनएचएआई ने 33 केवी भूमिगत केबल क्षतिग्रस्त कर दी।
- अवध चौराहे के पास सेतु निगम ने केबल क्षतिग्रस्त कर दी।

आज दो लाख आबादी झेलेगी बिजली संकट

राजधानी में शनिवार को उतरेठिया, इंदिरानगर, गोमतीनगर विस्तार, लौलाई, फैजुल्लागंज, अहिबरनपुर, विकासनगर, जानकीपुरम, निराला नगर सहित कई इलाकों में बिजली ठप रहेगी। दो लाख आबादी प्रभावित रहेगी।

बिजलीकर्मी पहुंचे तो हटाई कटिया, मुकदमा

लेसा ने शुक्रवार को बिजली चोरी के खिलाफ सआदतगंज, राजाजीपुरम, मोहनलालगंज, डालीगंज सहित कई इलाकों में चेकिंग अभियान चलाया। क्षेत्र में धड़ल्ले से बिजली चोरी हो रही थी। बिजली कर्मचारियों के पहुंचते ही लोग कटिया हटाने लगे। विभागीय अधिकारियों के निर्देश पर कर्मचारियों ने वीडियोग्राफी बनाकर 15 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया।

एलडीए ने संपत्तियों का किराया 15% तक बढ़ाया

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। एलडीए ने अपनी किराए की संपत्तियों का किराया बढ़ा दिया है। किराए में 15% तक की बढ़ोतरी की गई है। भूतल की सभी संपत्तियां का किराया 15% तथा कॉर्नर की संपत्तियों का 10% बढ़ा दिया गया है। बाकी अन्य सभी संपत्तियों का किराया 5% बढ़ाया गया है। इसी के साथ अब प्रत्येक वर्ष 5% किराया भी बढ़ाने का फैसला लिया गया है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने 30 अप्रैल को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

एलडीए की किराए की संपत्तियां को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इनके किराए पर फैसला नहीं हो पा रहा था लेकिन अब उपाध्यक्ष ने इनका किराया निर्धारित कर दिया है।

एलडीए वीसी ने स्पष्ट किया कि अब एक ब्लॉक में एक जैसे उपयोग वाली आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों का किराया समान होगा।

10 प्रतिशत अतिरिक्त किराया कार्नर की संपत्तियों पर

इन योजनाओं में एलडीए की संपत्तियां किराए पर

पेपर मिल कालोनी, वालदा रोड, काला काकर हैदराबाद, तिलक नगर, राजेंद्र नगर, पांडे का तालब, निराला नगर, बाग मिर्जा जुम्मा, नेपियर रोड, नक्खास, चारबाग में एलडीए की किराए की संपत्तियां हैं।

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)

Advt.No.:CSJMU/Gen.Admin/359/Reg.Teacher/2025 Date : 01.05.2025
Advt.No.:CSJMU/Gen.Admin/360/SFS-Teaching/2025 Date : 01.05.2025
Advt.No.:CSJMU/Gen.Admin/361/SFS-Non-Teaching/2025 Date : 01.05.2025

नियुक्ति–सूचना

विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूल ऑफ स्टडीज/विभागों में अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में शिक्षकों की नियमित/संविदात्मक तथा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत आई.आर.ए.सी. सेल के समन्वयक पद की नियुक्ति हेतु **दिनांक 02.05.2025** से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। **आवेदन की अन्तिम तिथि 31.05.2025 है।** इस विज्ञापन से सम्बन्धित सभी विवरण, शुद्धिपत्र एवं अद्यतन सूचनाएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.csjmu.ac.in** के **Recruitment Tab** के अन्तर्गत उपलब्ध हैं।

कुलसचिव

विदेश में नौकरी पाने के लिए
md Job
अपने मोबाइल में प्लेस्टोर से डाउनलोड करें...
www.mdjob.in

एसी एक्सप्रेस की बोगी में यात्रियों पर टपका पानी

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता। लखनऊ से दिल्ली जा रही वीआईपी ट्रेन एसी एक्सप्रेस की फर्स्ट एसी बोगी की छत से पानी टपकने लगा। पानी यात्रियों की सीटों तक पहुंच गया, जिससे सामान भीग गया। इसी बीच यात्रियों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर रेलवे से शिकायत कर नाराजगी जताई। डीआरएम सचिन्द्र मोहन शर्मा ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।

बीती रात चारबाग से दिल्ली जाने वाली गाडी संख्या 12429 एसी एक्सप्रेस की फर्स्ट एसी बोगी के यात्रियों ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर रेलवे प्रशासन से शिकायत दर्ज कराई। यात्रियों ने बोगी की छत से पानी टपकने का वीडियो वायरल कर दिया। यात्रियों ने बताया कि ट्रेन की फर्स्ट एसी बोगी एच-1 में शौचालय के पास छत से पानी टपकने लगा। बोगी में पानी भरने लगा।

> एसी एक्सप्रेस की फर्स्ट एसी में बोगी से पानी टपकने का वीडियो वायरल हुआ है। जांच कराई जा रही है। दोषियों पर कार्रवाई होगी।
> **सचिन्द्र मोहन शर्मा,** डीआरएम, एनआर

GALGOTIAS UNIVERSITY NOW RANKED AMONGST THE WORLD'S BEST
TOP RANKED IN QS ASIA
& THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025
QS World University Rankings: Galgotias University 187 Southern Asia; ASIA RANKED 2025 | Galgotias University 621-640 ASIA 2025
THE World University Rankings 2025: 45th Among Top Indian Universities - both Govt. & Private in 1000-1200 Band - Worldwide
AI led Active Learning Campus
IN CONSULTANCY COLLABORATION WITH
InsPIRE at NANYANG TECHNOLOGICAL UNIVERSITY SINGAPORE
SCHOOL OF AGRICULTURE
Under Graduate Program
• B.Sc (Hons.) Agriculture
Post Graduate Programs
• M.Sc (Agriculture) Agronomy
• M.Sc (Agriculture) Entomology
• M.Sc (Agriculture) Soil Science
• M.Sc (Hort.) Fruit Science
• MBA (Agribusiness Management)
• MBA (Agribusiness Management) in association with SABM (New)
GALGOTIAS UNIVERSITY
(Under the Uttar Pradesh Private Universities Act No.12 of 2019)
#GetYourSelfPlaced
For the complete list of programmes offered and to apply online visit
2025-26 SESSION ADMISSION OPEN
www.galgotiasuniversity.edu.in
+91 9582847072 / +91 9717300418
+91 9810162221 / +91 120 4370000

यूट्यूबर की टिप्पणी से टूट गई योग शिक्षिका की शादी

शर्मनाक

- यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया वीडियो
- कंटेंट क्रिएटर पर दर्ज किया गया मुकदमा

लखनऊ, संवाददाता। आशियाना कोतवाली में यूट्यूब कंटेंट क्रिएटर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। आरोपित ने महिला योग शिक्षिका के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए वीडियो रिकार्ड पर अपले चैनल पर अपलोड किया था, जिसके वायरल होने के कारण योग शिक्षिका की शादी भी टूट गई।

एलडीए कॉलोनी निवासी शिवांशु के मुताबिक स्वामी निग्राहाचार्य का यूट्यूब चैनल है। जिस पर कुछ दिन पूर्व शिवांशु की परिचित योग शिक्षिका के लिए आपत्तिजनक पोस्ट की गई। वीडियो के जरिए निग्राहाचार्य ने महिला के लिए गलत तथ्य प्रस्तुत किए। शिवांशु के मुताबिक योग शिक्षिका का रिश्ता भी तय हो गया था, जो आरोपित के बनाए वीडियो और पूर्व में की गई टिप्पणी के कारण टूट गया। यह आरोप लगाते हुए शिवांशु ने आशियाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

अभिनेत्री, मिस वर्ल्ड, समाज सेविका
मानुषी छिल्लर
विशाल के लेटेस्ट फैशन में
"विशाल मेगा मार्ट के फैशन की मैं फैन हूँ. पर विशाल से मेरा रिश्ता और भी गहरा हुआ हमारी एक जैसी सोच की वजह से – अच्छा दिखने के लिए अच्छा करना भी ज़रूरी है."

सबसे बड़े फैशन ऑफ़र्स
टी-शर्ट ₹199 खरीदें 3 पायें ₹80 छूट
कुर्ता ₹799 खरीदें 2 पायें ₹250 छूट
ड्रेस ₹499 खरीदें 2 पायें ₹100 छूट
जींस ₹799 खरीदें 2 पायें ₹250 छूट
मेंस शर्ट ₹599 खरीदें 2 पायें ₹200 छूट
VISHAL MEGA MART